**2022**

HINDI

( Honours )

Paper : HIN-HC-3036

( पाश्चात्य काव्यशास्त्र )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) प्लेटो के गुरु कौन थे?

(ख) 'पोएटिक्स' के लेखक कौन हैं?

(ग) अरस्तू के अनुसार काव्य-कला का मूल स्रोत क्या है?

(घ) अरस्तू का 'पेरिपोएटिक्स' कुल कितने अध्यायों में विभाजित है?

(ङ) शैलीविज्ञान के लिए 'रीतिविज्ञान' शब्द का प्रयोग किस विद्वान ने किया था?

(च) 'पेरिइप्सुस' के लेखक कौन हैं?

(छ) 'द प्रिल्यूड' किसकी रचना है?

(ज) कॉलरिज का पूरा नाम लिखिए।

(झ) क्रोचे के अभिव्यंजनावाद का विशद विवेचन किस ग्रंथ में हुआ है?

(ञ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने अभिव्यंजनावाद को क्या कहा था?

(ट) इलियट का पूरा नाम क्या है?

(ठ) 'द क्राइटेरियन' नामक पत्रिका के सम्पादक कौन थे?

(ड) इलियट की प्रथम आलोचनात्मक कृति का नाम क्या है?

(ढ) 'रोमांटिसिज़्म' के लिए हिन्दी में किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?

(ण) 'प्रैक्टिकल क्रिटिसिज़्म' ग्रंथ का प्रकाशन कब हुआ था?

(त) यथार्थवादी आंदोलन सर्वप्रथम कहाँ हुआ था?

(थ) 'शैली' शब्द अंग्रेजी के किस शब्द का हिन्दी रूपांतर है?

(द) रोमांटिक साहित्य-चिन्तन-धारा का सर्वाधिक प्रभाव हिन्दी के किस युग पर पड़ा?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) प्लेटो विरचित दो ग्रंथों के नाम लिखिए।

(ख) किसने किसे अपने 'विद्यापीठ का मस्तिष्क' कहा है?

(ग) अरस्तू के काव्यशास्त्र का यूनानी नाम क्या है? इसका अंग्रेजी रूपांतर किस नाम से प्रसिद्ध है?

(घ) लोंगिनिस के उदात्त सिद्धांत की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) यथार्थवाद का शाब्दिक अर्थ क्या है?





(च) रिचर्ड्स का पूरा नाम क्या है? उनके द्वारा रचित एक ग्रंथ का नाम लिखिए।

(छ) औदात्य क्या है?

(ज) 'स्वच्छंदतावाद' अंग्रेजी के किस शब्द का अनुवाद है? आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने अपने ग्रंथ 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' में किसे स्वच्छंदतावाद का प्रवर्तक माना है?

(झ) कल्पना-सिद्धांत में 'फैंसी' शब्द से क्या अभिप्राय है?

(ञ) अंग्रेजी साहित्य के दो स्वच्छंदतावादी कवियों के नाम लिखिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) प्लेटो के काव्य-सत्य संबंधी सिद्धांत पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ख) अरस्तू के विरेचन सिद्धांत की मूलभूत बातों को स्पष्ट कीजिए।

(ग) लोंगिनिस के काव्य में उदात्त की अवधारणा पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

(घ) विलियम वर्ड्सवर्थ के काव्य-प्रयोजन संबंधी मूलभूत विचारों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) अभिव्यंजनावाद पर एक टिप्पणी लिखिए।

(च) रिचर्ड्स के मूल्य-सिद्धांत में निहित प्रमुख बातों का संक्षेप में खुलासा कीजिए।

(छ) निर्वैयक्तिकता के स्वरूप पर संक्षिप्त टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(ज) शैलीविज्ञान से आप क्या समझते हैं, परिभाषा दीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) प्लेटो के काव्य-सृजन के दैवी-प्रेरणा सिद्धांत पर प्रकाश डालिए।

(ख) अरस्तू के अनुकरण सिद्धांत की मूलभूत बातों पर आलोकपात कीजिए।

(ग) विलियम वड्र्सवर्थ के काव्य-भाषा सिद्धांत का सम्यक् विवेचन प्रस्तुत कीजिए।

(घ) कॉलरिज के कल्पना और फैंसी-संबंधी विचारों पर प्रकाश डालिए।

(ङ) पाश्चात्य काव्यशास्त्र के विकास में इलियट के योगदान का निरूपण कीजिए।

(च) रिचड्र्स के सम्प्रेषण-सिद्धांत की प्रमुख बातों को रेखांकित कीजिए।

(छ) स्वच्छंदतावाद के मूलभूत विचारों का परिचय देते हुए उसकी समीक्षा कीजिए।

(ज) यथार्थवाद की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए साहित्य-संबंधी उसके आदर्श को स्पष्ट कीजिए।

(झ) पाश्चात्य काव्यशास्त्र के संदर्भ में क्रोचे के महत्त्व का आकलन कीजिए।

(ञ) शैली के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए शैलीविज्ञान की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

★★★